Phone : 83
Tel : Sarvodaya
Gopeshwar-Chamoli
(Uttarakhand)

दशोली ग्राम स्वराज्य संघ
DASHOLI GRAM SWARAJYA SANGH
(खादी-ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित)

फोन : ८३
तार : सर्वोदय
गोपेश्वर-चमोली
(उत्तराखण्ड)
PIN : 246401

शिशुपालसिंह कुंवर
मंत्री,

पत्रांक-४४।ग०से०।८०-८१।३५ दिनांक/Date ११-८-८०

माननीय डा० बीरेन्द्र कुमार,

सम्पूर्ण उत्तर भारत की प्राण-रेखा गंगा की प्रमुख धारा अलकनन्दा का जलागम अत्यधिक सम्वेदनशील और जर्जर हो गया है। १९७० की बाढ़ के बाद यह पूरा क्षेत्र अस्थिर हो गया है और प्रति वर्ष बाढ़-भूस्खलन से विनाश का क्रम नियमित हो गया है। यह राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बना हुआ है और हमारा विश्वास है कि विषय विशेषज्ञ होने के नाते आप भी इस ओर चिन्तित होंगे।

अलकनन्दा के जलागम की जर्जरता और अस्थिरता को नियंत्रित किये बिना विनाश से मुक्ति की कल्पना निरर्थक है। इसी को ध्यान में रखते हुये दशोली ग्राम स्वराज्य संघ के तत्वावधान में यहां की रचनात्मक संस्थाओं और ग्रामीणों ने अलकनन्दा-गरुड़गंगा जलागम संरक्षण योजना सीमित विचार और साधनों के द्वारा सूत्रपात किया, जिसे अधिक गतिशील और विज्ञान-सम्मत बनाने की आवश्यकता है। इस निमित्त एक विस्तृत कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने हेतु आगामी सितम्बर ८० के द्वितीय सप्ताह में एक विचार गोष्ठी के आयोजन का विचार किया गया है। जिसमें भारत-सरकार के योजना आयोग के वरिष्ट सदस्य व प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक

कृ०प०उ०

डा० एम०एस० स्वामीनाथन ने दो दिन का समय देने की स्वीकृति दी है । इस गोष्ठी में आपकी उपस्थिति, इस कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने में महत्वपूर्ण होगी । अत अतः कृपया आप अपना बहुमूल्य समय देने की स्वीकृति प्रद प्रदान कीजिये । आपके आवासादि की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जा रही है ।

माननीय डा० स्वामीनाथन जी के आगमन की निश्चित तिथि से आपको यथा समय सूचित कर दिया जायेगा । हम आपके अत्यन्त आभारी रहेंगे यदि आप इस गोष्ठी में अपना दो दिन का समय देने का कष्ट करें । कृपया अपनी उपस्थिति की स्वीकृति से अवगत करवाने की कृपा करेंगे ।

भवदीय,

(शिशुपालसिंह कुंवर)

सेवा में,
डा० बीरेन्द्र कुमार,
वनस्पति विभाग,
डा० जाकिरहुसैन कालेज, अजमेरीगेट,
~~दिल्ल~~ नईदिल्ली ।